“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),
भारत सरकार
****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 16, 1945
गुरुवार, दिसंबर 07, 2023

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने चक्रवात मिचौंग से प्रभावित चेन्नई और उसके आसपास के क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 07 दिसंबर, 2023 को चेन्नई, तमिलनाडु और उसके आसपास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। ये क्षेत्र चक्रवात मिचौंग से तबाह हो गए थे। हवाई सर्वेक्षण के दौरान रक्षा मंत्री के साथ तमिलनाडु सरकार में वित्त और मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री श्री थंगम थेनारासू और मुख्य सचिव श्री शिव दास मीणा भी थे। श्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एम के स्टालिन के साथ बैठक कर वर्तमान स्थिति की समीक्षा की।

हवाई सर्वेक्षण के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संकट को कम करने के लिए एक साथ प्रभावी प्रतिक्रिया दे रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना, भारतीय तटरक्षक बल, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अन्य केंद्रीय एजेंसियां राहत और बचाव कार्यों में राज्य सरकार की सहायता कर रही हैं तथा सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं।

रक्षा मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी चक्रवात के कारण हुई मौतों से बहुत दुखी हैं और वह स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से बात की और केन्द्र सरकार की

ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने गृह मंत्रालय को निर्देश दिया है कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दूसरी किस्त के केंद्रीय हिस्से के 493.60 करोड़ रुपये आंध्र प्रदेश को और 450 करोड़ रुपये तमिलनाडु को अग्रिम रूप से जारी किए जाएं। केंद्र ने पहले ही दोनों राज्यों को समान राशि की पहली किस्त जारी कर दी थी।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय आपदा शमन कोष के तहत 'चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों' के लिए 561.29 करोड़ रुपये की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिसमें 500 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता भी शामिल है।

एबीबी/एसएस